दीपोत्सव का आगाज : लक्ष्मी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

उदयपुर । भट्टियानी चोहट्टा स्थित महालक्ष्मीजी मंदिर पर पांच दिवसीय दीपोत्सव का आरंभ हुआ। धनतेरस पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ पड़ी। रूप चतुर्दशी पर मां महालक्ष्मीजी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। **फोटो : ऋषभ जैन**

धनतेरस पर चहके बाजार

वाहन, ज्वैलरी व घरेलु सामानों की जमकर हुई खरीदी

उदयपुर। धन तेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत हो गई और इसी के साथ बाजारों में खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उदयपुर में धन तेरस पर मंडी का दृश्य। **फोटो : ऋषभ जैन**

- कल मनाई जाएगी दीपावली

उदयपुर (नगर संवाददाता)। शहर में शुक्रवार को धन त्रयोदशी पर धन बरसा। लोग बाजारों में निकले और जरूरत के हिसाब से जमकर खरीदारी की। किसी ने दुपहिया व चार पहिया वाहन तो किसी ने ज्वैलरी खरीदी। वहीं घरेलु सामानों की भी जमकर खरीदारी हुई। सोने-चांदी के आभूषण, सजावटी सामान, बर्तन, इलेक्ट्रोनिक्स आइटमों की दुकानों पर खूब खरीदारी की। दो पहिया-चौपहिया शो रूम में पूर्व बुकिंग के साथ ही हाथों हाथ वाहनों की खरीदारी हुई। लोगों ने शुभ मुहूर्त में अपने वाहनों का पूजन कर शोरूम से बाहर निकाला। वहीं व्यापारियों एवं कंपनियों ने भी ग्राहकों को लुभाने के लिए आकर्षक ऑफर दिए। सुबह से लेकर देर शाम तक बाजार में मिठाई, कपड़े, पटाखे, दिये, आभूषण, बर्तन की खरी दी को लेकर दुकानों पर भीड़ रही।

आज रूप चौदस

शनिवार को रूप चतुर्दशी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं घर के कार्यों से निपटकर खुद को सजाने और संवारने का काम करती है। रविवार को दीपावली होगी। 13 नवंबर सोमवार को खेंखरे का त्यौहार मनाया जाएगा। मेवाड़ में यह त्यौहार गौवंश को समर्पित है। वहीं 14 नंवबर मंगलवार को भाईदूज पर बहने अपने भाईयों का पूजन कर लम्बी उम्र की कामना करेंगी। दीपावली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है वहीं प्रतिष्ठानों और घरों को सजाने संवारने के साथ ही रंगबिरंगी रोशनी की गई है।

प्र.म. झूठ बोलने में विश्व गुरू : जयराम रमेश

ईडी-सीबीआई दोनों भाजपा के स्टार प्रचारक - राजस्थान में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार

उदयपुर. नगर संवाददाता | कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झूठ बोलने में विश्व गुरू है और वे सच नहीं बोलते और यदि वे झूठ बोलना छोड़ देंगे तो कांग्रेस भी उनको लेकर सच बोलना शुरू कर देंगे। साथ ही कहा कि राजस्थान में स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री का निर्णय भी विधायक ही करेंगे।

उदयपुर में कांग्रेस प्रत्याशी गौरव वल्लभ के समर्थन में आए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री जयराम रमेश ने पत्रकार वार्ता में कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ों यात्रा निकाली थी, जिससे कांग्रेस में एकजुटता आई थी। जिसका परिणाम यह रहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनी थी। इस यात्रा में कांग्रेस के तीन मुद्दे थे पहला आर्थिक विषमताएं, महंगाई, बेरोजगारी रहा, जिसमें सरकारी उपक्रम बेच दिए। दूसरा सामाजिक ध्रुवीकरण हुआ, जिससे समाज में आपस में तनाव बढ़ा है। साथ ही तीसरा मुद्दा राजनीतिक तनाशाही था, जिसमें मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया है। जयराम रमेश ने कहा कि इस विधानसभसा चुनाव में राजस्थान में स्पष्ट रूप से कांग्रेस की सरकार बनेगी। राजस्थान सरकार सकारात्मक प्रचार हो रहा है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने स्वास्थ्य योजना, रोजगार गारंटी, किसानों का हित को लेकर आम जनता के बीच जाएंगे। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान की जनता को 7 गारंटियां दी है, जिसे सरकार बनते ही 2 से 3 माह में पूरा कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री के पास ईडी और सीबीआई है, जिसका जमकर दुरूपयोग किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पर भी ईडी ने छापा मारा। अब राजस्थान के सीएम और मंत्रियों के घरों छापा मारो। केन्द्र सरकार इन दोनों का जमकर दुरूपयोग कर रही है। केन्द्र के दो सुपर स्टारक प्रचारक बन गई है ईडी व सीबीआई। प्रधानमंत्री झूठ बोलने में जगतगुरू, विश्व गुरू है। प्रधानमंत्री सच कभी नहीं बोलते है और जो भी बोलते है वो तथ्यों के परे होता है। भाजपा के पास मुद्दा ही नहीं है और यह विधानसभा चुनाव है यहां पर प्रधानमंत्री देश के उन मुद्दों को उठा रहे है, जो राजस्थान से संबंधित नहीं है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। सरकार एयरपोर्ट बेच रही है। निजीकरण से बेरोजगारी बढ़ रही है। जनता की चिंता महंगाई, बेरोजगारी है पर सरकार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के बारे मे जयराम रमेश ने कहा कि यह कांग्रेस सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा कानून का ही एक रूप है। वर्ष 2013 में कांग्रेस सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून का पास किया था। तब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और उन्होंने ही इसका जमकर विरोध किया था। जब कोविड के बाद देश में लोगों के सामने खाने की समस्या हुई तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसी योजना को अपने नाम से लांच कर दिया। राजस्थान में जो महंगाई बढ़ी है वह केन्द्र के कारण ही बढ़ी है। राजस्थान सरकार के कामों को देखकर स्पष्ट बहुमत मिलेगा। इस मौके पर शहर जिलाध्यक्ष फतहसिंह, राठौड़, पंकज शर्मा, कांग्रेस प्रत्याशी फतहसिंह राठौड़ सहित कांग्रेस नेता मौजूद थे।

भाजपा चला रही ऑपरेशन किचड़

भाजपा के छः माह में कर्नाटक सरकार के गिरने के दावे पर जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा ऑपरेशन किचड़ चला रही है। वहां पर स्पष्ट बहुमत से सरकार बन गई है और छः माह बीत जाने के बाद भी भाजपा अपना नेता प्रतिपक्ष नहीं बना पाई है।

पेपर लीक : किसी को नहीं छोड़ा जाएगा

पत्रकार वार्ता में पेपर लीक का मामला आने पर कांग्रेस प्रत्याशी गौरव वल्लभ ने कहा कि सरकार ने पेपर लीक गिरोह को पकड़ा है और जेल में डाला है। इनके घरों पर बुलडोजर चलाएं है। कांग्रेस प्रत्याशी गौरव वल्लभ ने कहा कि मध्यप्रदेश में व्यापम घोटाला हुआ था, जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। 100 से अधिक लोगों ने सुसाईड किया था।

अपराध/हादसा

अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता | जिले के मावली थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वृद्धा की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार केसर कुँवर (65) पत्नी गोरधन सिंह निवासी बिनोल कुंवारिया राजसमंद जो अपनी बहन से मिलने के लिए बांसलिया आई थी। बस से उतरने के बाद पैदल-पैदल ही जा रही थी कि इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे स्थानीय चिकित्सालय लेकर गए, जहां से उदयपुर रैफर कर दिया गया। जहां पर उपचार के दौरान इस महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर हैड कांस्टेबल हेमसिंह ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

सूने मकान से 12 तोला सोने के जेवरात और ढ़ाई लाख नकद चोरी

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अज्ञात चोरों के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर 12 तोला सोने के जेवरात और ढाई लाख रूपए की नकदी चोरी कर ले जाने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार राखीगिरी पत्नी कमलेश गिरी गोस्वामी निवासी आनंद विहार शोभागपुरा ने मामला दर्ज करवाया कि वह 7 नवम्बर को वह अपने निजी कार्य से कच्छ गुजरात गई थी, जहां पर 8 नवम्बर को उसे पडोसियों ने सूचना दी कि उसके घर के मुख्य दरवाजे के ताले खुले हुए है और दरवाजा खुला हुआ है। इस पर वह वहां से रवाना होकर पुनः उदयपुर आई तो उसके घर के ताले टूटे हुए थे और मुख्य दरवाजा खुला था। घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे के अन्दर रखी लोहे की अलमारी में से उसका लॉक तोडकर अन्दर रखे करीब 10-12 तोला सोने के जेवर, 20 चांदी के सिक्के एवं ढ़ाई लाख रूपए नकद अज्ञात चोरी कर ले गया। महिला ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी, जिस पर थाने से जाब्ता आया और मौका-मुआयना कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाईक की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र में बाईक की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कानजी (35) पुत्र रामा मीणा निवासी काया गोवर्धनविलास जो बुधवार शाम को घर के पास पैदल-पैदल जा रहा था। इस दौरान एक बाईक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां पर उपचार के दौरान इस युवक ने दम तोड़ दिया। एएसआई देवेन्द्र पुरी ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

11 लाख देकर करोड़ों की जमीन विक्रय ईकरार कर अब 50 लाख मांगने का मामला दर्ज

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के अंबामाता थाना क्षेत्र में तीन भाईयों ने दो के खिलाफ उन्हे 11 लाख रूपए देकर करोड़ों की जमीन का विक्रय ईकरार बनवाकर उसे निरस्त करने के एवज में 50 लाख रूपए मांगने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार गोपाल सोनी, विकास सोनी, राजकुमार सोनी पुत्र स्व. श्याम लाल सोनी निवासी घाणेराव घाटी उदयपुर ने मामला दर्ज करवाया कि इनका पैतृक भूखण्ड बड़ी ब्रहमपुरी नागा नगरी में स्थित है। इस भूखण्ड का व्यवसायिक रूपान्तरण करवाने के लिए नगर निगम में वर्ष 2021 में जाकर जाँच पड़ताल कि तो पता चला कि इस भूखण्ड को आबादी से व्यवसायिक रूपान्तरण पर लगभग 100 रूपये प्रति वर्गफीट के हिसाब से खर्चा होने का सामने आया, इस तरह से लगभग 20 लाख रूपए का खर्चा होना बताया, जिस पर प्रार्थियों ने अपने पूर्व परिचित जिनके द्वारा वर्ष 2017 में नीरज श्रीमाली पुत्र बसंती लाल श्रीमाली निवासी आदर्श नगर विश्वविद्यालय मार्ग के माध्यम से एक बैंक से उसकी माता व पत्नियों के नाम लोन प्रोसेस करवाया था उससे सम्पर्क किया। उसने इस भूखण्ड के सारे दस्तावेज प्राप्त किए और उसने कहा कि वह बैंक लोन की बजाय मार्केट से उनको लोन कम ब्याज पर करवा देगा, जिसमें उसने 15 हजार रूपए कमीशन के एडवांस मांगे, जिस पर गोपाल सोनी ने 15 हजार रूपए ऑन लाईन ट्रांसफर कर दिए। इसके के बाद नीरज श्रीमाली ने तीनों भाईयों को 10 मार्च 2022 को नरेश पुत्र कन्हैयालाल राजपाल निवासी न्यू भुपालपुरा पन्ना विहार से मिलवाया तथा 1 प्रतिशत की दर से लोन देने के लिए तैयार हुआ। नरेश राजपाल ने कोई सम्पत्ति रहन रखने के लिए कहा, तब प्रार्थियों ने उनके नाम किसी प्रकार की कोई सम्पत्ति ना होकर पिता के नाम सम्पत्ति होना बताया। तब नरेश राजपाल ने अपने पिता के नाम से एग्रीमेन्ट करने को कहा, लेकिन अगले दिन ही प्रार्थियों के पिता का देहांत हो गया। जिस वजह से नीरज श्रीमाली 23 मार्च 2022 को उनके घर पर शोक प्रकट करने आया तथा साथ में एक स्टाम्प पर एग्रीमेन्ट टाईप करवाकर लाया। जो उनके पैतृक भूखण्ड के विक्रय इकरार का था, जो उनसे नरेश राजपाल के नाम विक्रय करार करने का होकर नरेश राजपाल को 6 माह के अंदर नगर निगम उदयपुर से व्यवसायिक पटटे प्राप्त कर रजिस्ट्री करवाने का अनरजिस्टर्ड होकर नरेश राजपाल के हस्ताक्षर रहित था। प्रार्थीगणों ने साईन करने से मना कर दिया तो नीरज श्रीगाली ने इन तीनों भाईयों को कहा कि 21 लाख रूपए के लोन देने के लिए नरेश राजपाल की तसल्ली के लिए ये एग्रीमेंट टाईप करवाया है और वैसे भी पैसा चैक ना दिया जा रहा है। इस पर विश्वास कर इस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कर दिए। 24 मार्च 2022 को गोपाल सोनी के बचत खाते में 5 लाख रूपए, विकास सोनी के खाते में 6 लाख रूपए पायल वाधवानी नामक महिला के खाते से टांसफर हुए। इसके बाद नीरज श्रीमाली का फोन इस बारे में जानकारी दी। शेष राशी 10 लाख रूपए 4-5 दिन में देने का आश्वासन दिया। पिता के अंतिम क्रियाओं के बाद 10 लाख के लिए नीरज को फोन लगाया तो उसने शीघ्र ही देने का आश्वासन दिया लेकिन नरेश ने आज तक पैसा ट्रांसफर नहीं करवाया। जिस कारण से वह अपने भूखण्ड का व्यावसायिक रूपान्तरण नही करवा पाया। 27 जुलाई 2022 को नगर निगम उदयपुर से प्रार्थीगणों को आवासीय पट्टा जारी हुआ। आवासीय पटटा प्राप्त करने के बाद नीरज श्रीमाली से सम्पर्क किया तथा उसे बताया कि नरेश ने शेष राशि नहीं देने से व्यवसायिक पट्टा नहीं मिला है और ना ही अब हमें लेना है। जिस पर नीरज श्रीमाली ने माफी मागते हुए प्रार्थीगण से कहा कि नरेश राजपाल को बुलाकर एग्रीमेन्ट निरस्त करवा देगा। इसके बाद भी नीरज श्रीमाली कभी भी नरेश को लेकर नहीं आया और केवल आश्वासन ही देता रहा। प्रार्थी गणों के लगातार फोन करने पर नीरज श्रीमाली ने फरवरी 2023 में एक अनरजिस्ट्रर्ड विक्रय इकरार प्रार्थियों से यह कहकर हस्ताक्षरित करवाया कि भूखण्ड को उसके पक्ष मे विक्रय इकरार करना दिखा दो, जिसे वह नरेश राजपाल को दिखाकर कह देगा कि यह भूखण्ड उसने खरीद लिया है तो नरेश उसे पूर्व का एग्रीमेन्ट दे देगा। प्रार्थियों ने भी विश्वास कर हस्ताक्षर कर दिए। इसके बाद भी कार्यवाही नही की तो नीरज को पुलिस कार्यवाही की चेतावनी दी तो नीरज ने विक्रय ईकरार निरस्त किया पर नरेश का विक्रय ईकरार निरस्त नहीं करवाया। अब नरेश उनसे 50 लाख रूपए मांगकर धमका रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई -400059, भारत

शाखा कार्यालय : पहली मंजिल, ए-ब्लॉक, दुकान नंबर 8, एस.के. प्लाजा, एयरटेल के ऊपर, पुर रोड, भीलवाड़ा-311001

शाखा कार्यालय : कार्यालय संख्या 43 और 44, हरे कृष्णा एवेन्यू, अम्बे मार्केट के पास, बीओबी बैंक के सामने, चित्तौड़गढ़- 312001

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/ सह कर्जदारों के नाम/ गारंटर / कानूनी वारिस। ऋण खाता संख्या	ज्ञात ऋणभारों के साथ सुरक्षित संपत्ति(यों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना धन जमा	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तिथि और समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	गीतांजलि मोहन (उधारकर्ता), शंकरलाल मोची (सह-उधारकर्ता), ऋण खाता सं. LHBLW00001299873	प्लॉट नंबर 3 जीएच 8 आरएचबी बापू नगर योजना भीलवाड़ा, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान पिन कोड-311001	रू. 13,11,984/- 30 अक्टूबर 2023	रू. 11,29,669/- रू. 1,12,970/-	04 दिस. 2023 सुबह 11 से शाम 3 बजे	19 दिस. 2023 दोपहर 2 से शाम 3 बजे
2.	गजेंद्र पटवा (उधारकर्ता), सुनीता पटवा (सह-उधारकर्ता), चंदा देवी पटवा (सह-उधारकर्ता), विष्णु कुमार पटवा (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHCGH00001256476 & NHCGH00001256475	प्लॉट नंबर 70, 4, तिलक नगर सेती जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान- 312001	रू. 42,21,716/- 30 अक्टूबर 2023	रू. 41,69,250/- रू. 4,16,930/-	04 दिस. 2023 सुबह 11 से शाम 3 बजे	19 दिस. 2023 दोपहर 2 से शाम 3 बजे

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** की वेबसाइट **(URL Link-/https://BestAuction Deal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को **18 दिसम्बर 2023** को **शाम 5.00 बजे** से पहले कुल देय राशि को और ब्याज के साथ भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा। संभावित बोलीदाताओं को अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई अनुसार) **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, पहली मंजिल, ए-ब्लॉक, दुकान नंबर 8, एस.के. प्लाजा, एयरटेल के ऊपर, पुर रोड, भीलवाड़ा-311001 में 18 दिसम्बर 2023 को शाम 04:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी, पहली मंजिल, ए-ब्लॉक, दुकान नंबर 8, एस.के. प्लाजा, एयरटेल के ऊपर, पुर रोड, भीलवाड़ा-311001** में **18 दिसम्बर 2023 को शाम 05:00 बजे** या उससे पहले जमा करना होगा। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) **भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़** में देय **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक से होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,** 022-69974300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्सएक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** से संपर्क करें। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** देखें।

दिनांक : 11 नवम्बर, 2023
स्थान : भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़

अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नंबर -601, 6वीं मंजिल, पिरामल अमिती बिल्डिंग, पिरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070
CIN: L65910MH1984PLC032639, Webside:www.piramalfinance.com
शाखा कार्यालयः धीरज बाग, बिल्डिंग 'ए' ग्राउंड और पहली मंजिल, एक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्कल, नौपाड़ा, ठाणे (पश्चिम) - 400 602

मांग सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 (1) के साथ पठित। नीचे हस्ताक्षरकर्ता पीरामल कैपिटल का प्राधिकृत अधिकारी है। **हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [जिसे पहले दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से जाना जाता था] वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत।** सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया है। निम्नलिखित उधारकर्ता (उक्त उधारकर्ता) को, उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकानी होगी, जो नीचे दी गई है। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ता को नोटिस दिया जाता है कि वह इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर पीसीएचएफएल को नीचे बताई गई राशि, उक्त में दिए गए अतिरिक्त ब्याज सहित भुगतान करें। मांग नोटिस(ओं), नीचे उल्लिखित तारीख (तारीखों) से भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़े गए ऋण समझौते के तहत देय है। ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा पीसीएचएफएल को गिरवी रखा गया है।

उधारकर्ता/गारंटर का नाम	मांग सूचना एनपीए तिथि के साथ तिथि और राशि	संपत्ति का पता
(एलसी नं. 27400000819/ भिवंडी शाखा) जय प्रकाश शर्मा (कर्जदार) सुनिता एस (सह-कर्जदार 1) हुनम शर्मा (सहकर्जदार 2)	27.10.2023/ रु. 1351787/- (रु. तेरह लाख इक्यावन हजार सात सौ सत्तासी मात्र) एनपीए (08.06.2022)	युनिट नं. बी/2 042, दुसरी मंजिल, ब्लॉक 2, अपना घर, शालीमार एक्सट, अलवर, अलवर अलवर राजस्थान 301 001
(एलसी नं. 00900011185/ जयपुर-वैशाली शाखा) नंद लाल गुप्ता (कर्जदार) पुष्पा गुप्ता (सह-कर्जदार 1) रामावतार घांघेलिया (सह कर्जदार 2)	27.10.2023/ रु. 1138795/- (रु. ग्यारह लाख अडतीस हजार सात सौ पंचानवे मात्र) एनपीए (08.08.2023)	फ्लॅट नं. 161ए योजना नं. 2, लाजपत नगर भगत सिंह सर्कल के पास, अलवर अलवर, राजस्थान 301 001
(एलसी नं. 04700002726/ जोधपुर शाखा) सुरेश कुमार (कर्जदार)	27.10.2023/ रु. 251351/- (रु. दो लाख इक्यावन हजार तीन सौ इक्यावन मात्र) एनपीए (09.09.2023)	फ्लॅट नं. 560, सेक्टर एल विवेक विहार आवासीय योजना जेडीए स्कीम, जोधपुर, जोधपुर, राजस्थान 342 001
(एलसी नं. 00900013469/ जयपुर-वैशाली शाखा) प्रवीण कालिका (कर्जदार) मनिषा (सह-कर्जदार 1)	27.10.2023/ रु. 1620423/- (रु. सोलह लाख बीस हजार चार सौ तेईस मात्र) एनपीए (08.06.2023)	फ्लॅट नं. 201, प्रथम मंजिल (उत्तर पश्चिम भाग) प्लॉट नं. 81, झोटवाड़ा बेनाड़ रोड, जयपुर, जयपुर, राजस्थान 302 012
(एलसी नं. 20300042238/ जयपुर-एमआई रोड शाखा) शोभित पारीक (कर्जदार) सुष्मिता पारीक (सह-कर्जदार 1)	27.10.2023/ रु. 1275710/- (रु. बारह लाख पचहत्तर हजार सात सौ दस मात्र) एनपीए (09.09.2023)	फ्लॅट नं. जी-2, फ्लॅट नं. जी-4, मंगलम सिटी विस्तार, गांव हथोई, कालवाड़ रोड, जयपुर, जयपुर राजस्थान 302 005
(एलसी नं. 00900014739/ जयपुर-वैशाली शाखा) प्रह्लाद सिंह राठौड (कर्जदार) प्रमोद कंवर (सह-कर्जदार 1)	27.10.2023/ रु. 1059941/- (रु. दस लाख उनसठ हजार नौ सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (09.07.2023)	फ्लॅट नं. जी-73, फ्लॅट नं. जी-3, तल मंजिल, जेपी रेसिडन्सी, मंगलम सिटी, कालवाड़ रोड, जयपुर जयपुर राजस्थान 302 012
(एलसी नं. 00900015093/ जयपुर-वैशाली शाखा) ओपेंद्र सिंह चौहान (कर्जदार) निधी सिंह (सह-कर्जदार 1)	27.10.2023/ रु. 1173916/- (रु. ग्यारह लाख तिहत्तर हजार नौ सौ सोलह मात्र) एनपीए (09.09.2023)	फ्लॅट नं. एफ 2 पहली मंजिल, प्लॉट नं. 127, 128, अल्कापुरी, निवारू रोड, जयपुर, जयपुर राजस्थान 302 012
(एलसी नं. 09000005216/ भीलवाड़ा शाखा) तुरा चेन सिंह (कर्जदार) रिटा रानी (सह-कर्जदार 1) हर्ष जैसवाल (सह कर्जदार 2)	27.10.2023/ रु. 1721335/- (रु. सत्तरह लाख इक्कीस हजार तीन सौ पैंतीस मात्र)	फ्लॅट नं. सी-153, सेक्टर नं. 5, हुडको कॉलोनी घासी नगर, चित्तोडगढ़, चित्तोडगढ़ राजस्थान 312 001
(एलसी नं. 09000006345/ भीलवाड़ा शाखा) राम सिंह (कर्जदार) कालू सिंह (सह-कर्जदार 1)	27.10.2023/ रु. 350306/- (रु. तीन लाख पचास हजार तीन सौ छह मात्र) एनपीए (09.09.2023)	पट्टा नं. 18, बुक नं. 262, गांव चित्तोरी जी पी एराल चित्तोडगढ़ चित्तोडगढ़ राजस्थान 312 001
(एलसी नं. 04700004035/ जोधपुर शाखा) कंदारप कुमार (कर्जदार) विमला देवी (सह-कर्जदार 1)	27.10.2023/ रु. 1500106/- (रु. पंद्रह लाख एक सौ छह मात्र) एनपीए (08.02.2023)	मकान नं. 4/14, लीज नं. 3406, मारूती स्ट्रीट, हाऊसिंग बोर्ड, बालोतरा बाड़मेर राजस्थान 344 022
(एलसी नं. 24000003235/ कानपुर शाखा) सौरभ शुक्ला (कर्जदार) प्रियंका शुक्ला (सह-कर्जदार 1)	27.10.2023/ रु. 727260/- (रु. सात लाख सत्ताईस हजार दो सौ साठ मात्र) एनपीए (09.09.2023)	फ्लॅट नं. 7, आराजी नं. 1826 बुधपुर मध्यारीया कानपुर नगर कानपुर अरबन उत्तर प्रदेश 208 001

यदि उक्त उधारकर्ता उपरोक्त नुसार पीसीएचएफएल को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर होगा। अधिनियम के तहत उक्त उधारकर्ताओं को पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा उपरोक्त संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

दिनांक : 11 नवम्बर, 2023
स्थान : राजस्थान

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
पिरामल कैपिटल एन्ड हाऊसिंग फायनान्स लिमिटेड